कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री राजकुमार बैनीवाल पुत्र छगनलाल पताः श्री रामकरण जोशी स्कूल के पीछे महादेव सदन खटीकान मौहल्ला दौसा 303303 ।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट, जिला दौसा।

अपील सं0 26/2020

निर्णय दिनांक :20.07.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट, जिला दौसा से संबंधित है। किंतु आवेदक को वांछित सूचना निर्धारित समयावधि मे प्राप्त नहीं होने पर उनके द्वारा इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत करने पर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट, जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्रांकः डीएम/कोर्ट/2020/1055 दिनांक 23.06.2020 एवं स्मरण पत्रांकः डीएम/कोर्ट/2020/1124 दिनांक 07.07.2020 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। किंतु लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट, जिला दौसा की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ।
इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना/नकल उपलब्ध नहीं करवाई गई है। सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत प्राप्त आवेदन पत्र की सूचना संबंधित व्यक्ति को 30 दिवस की समयावधि में उपलब्ध कराने का प्रावधान है। अतः अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट, जिला दौसा को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट

(पीयूष समारिया)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा